ई मेल

पंचायत आम निर्वाचन– 2021
अति महत्वपूर्ण

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

संख्या–विविध 80–14/2020(खंड–1) 3536

प्रेषक,

योगेन्द्र राम,
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड।

पटना, दिनांक– 6.7.21

विषय :– Loaning of M2-EVMs to the State Election Commission, Bihar for conducting their Panchayat Election-reg.

प्रसंगः– 1. भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली का पत्रांक–51/8/4/Loaning/2021/EVM(P&T) दिनांक–16.04.2021

2. आपका पत्रांक–377, दिनांक–07.06.2021

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का कृपया संदर्भ किया जाए।

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–51/8/4/Loaning/2021/EVM(P&T) दिनांक–16.04.2021 द्वारा बिहार पंचायत आम निर्वाचन–2021 हेतु आयोग के स्वामित्वाधीन M2-EVMs जो कि वर्तमान में आपके नियंत्रणाधीन हैं, को आवंटित किया है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार को आवंटित M2-EVMs का विवरण निम्नवत है:–

| S.No. | Name of the SEC | Machines Loaned (BEL/ECIL) | Quantity of EVMs loaned | |
|---|---|---|---|---|
| | | | BU | CU |
| 1 | झारखंड | ECIL | 10000 | 5000 |

2. उक्त आवंटन के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–2126, दिनांक–17.04.2021 द्वारा आपसे यथाशीघ्र आवंटित M2-EVMs के हस्तांतरण का अनुरोध किया गया था परन्तु आपके प्रासंगिक पत्रों द्वारा अगस्त–सितम्बर, 2021 में झारखंड राज्य में होने वाले नगर निकायों के निर्वाचन कराये जाने का प्रसंग उद्धृत करते हुए उक्त आवंटित M2-EVMs के हस्तांतरण पर असमर्थता व्यक्त की गई है।

3. राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार को प्राप्त होने वाले कुल M2-EVMs की संख्या न्यूनतम आवश्यक संख्या 4.5 लाख Compatible M2-EVMs की तुलना में काफी कम (2.18 लाख) है जिसमें मात्र 1.8 लाख M2-EVMs ही Compatible हैं।

**4.** आपके नियंत्रणाधीन **M2-EVMs** में मात्र **5000 Compatible Pair** हैं अर्थात आपके पास **5000 BU** अधिशेष **(Surplus)** है जिसका हस्तांतरण राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार को किया जा सकता है। साथ ही चुनाव के उपरान्त शेष **5000 Compatible Pair** का भी हस्तांतरण किया जा सकता है।

अतएव अनुरोध है कि आपके पास उपलब्ध ECIL निर्मित अधिशेष (Surplus) 5000 BU को तत्काल तथा शेष 5000 BU एवं CU को झारखंड राज्य में नगर निकाय के निर्वाचन के उपरान्त राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार को हस्तांतरित करने की कृपा की जाए ताकि राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार अपने संवैधानिक दायित्वों को आपके विशेष सहयोग से पूरा कर सके। आपके इस सहयोग के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार विशेष रूप से आभारी रहेगा।

विश्वासभाजन

(signature)
सचिव।

ज्ञाप संख्या– विविध 80–14/2020(खंड–1)....3536 पटना, दिनांक– 6.7.21

प्रतिलिपि– श्री मधुसुदन गुप्ता, सचिव, भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोका रोड, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि अधिशेष (Surplus) 5000 BU के शीघ्र हस्तांतरण हेतु अपने स्तर से विशेष प्रयास करने की कृपा की जाए।

(signature) 6/7/21
सचिव